Regional Centre for Urban & Environmental Studies, Lucknow
(Ministry of Housing and Urban Affairs, Government of India)
क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ
(आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार)

सत्यमेव जयते

RCUES LUCKNOW

Er. A.K. Gupta
Additional Director
ई.ए. के. गुप्ता
अपर निदेशक
B.Tech (Civil), M.P. (Transport Planning)
P.G.C.P.M., F.I.E., F.I.T.P., F.I.W.W.A.,
F.I.W.E., M.U.I.T

No : URC/ 606/ / 24/2023-24
Date: 13/07/ 2023

सेवा में,

निदेशक,
सूडा उ0प्र0,
सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100,
लखनऊ।

विषयः– **Training Programme on "Social Audit in Urban Development Projects"** विषय पर एक दिवसीय तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनॉक 25 जुलाई, 2023, 26 जुलाई, 2023 एवं 27 जुलाई, 2023 को आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ के द्वारा विभिन्न विषयों पर उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों एवं सूडा/डूडा के अधिकारियों के क्षमता संवर्धन हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा है। जिसके क्रम **क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ** द्वारा **"Social Audit in Urban Development Projects" विषय पर एक दिवसीय तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों दिनॉक** 25 जुलाई, 2023, 26 जुलाई, 2023 एवं 27 जुलाई, 2023 का आयोजन किया जा रहा है।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश की नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों एवं सूडा/डूडा के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

यह तीनों प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक कार्यदिवस में **पूर्वाह्न 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ के लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित केन्द्र के सभागार कक्ष में आयोजित किये जायेंगे।**

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान भोजन की व्यवस्था केन्द्र के द्वारा निःशुल्क प्रदान की जायेगी तथा यात्रा पर होने वाला व्यय विभागीय कार्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।

अतः आप से अनुरोध है कि कृपया प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यकम में सूडा/डूडा से संबंधित 10–10 अधिकारियों को नामित करते हुए उनको प्रतिभाग करने का आदेश प्रदान करने का कष्ट करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में अधिक जानकारी **डा0 अंजुली मिश्रा, संयुक्त निदेशक, मोबाइल नम्बर– 9415752044** द्वारा प्राप्त की जा सकती हैं। उपरोक्त पत्र की प्रतिलिपि केन्द्र की बेबसाइट www.rcueslucknow.org पर उपलब्ध है। संबन्धित पत्र को उपरोक्त वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

भवदीय

(ए0के0 गुप्ता)

प्रतिलिपिः–प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, अनुभाग–5, उत्तर प्रदेश शासन, बापूभवन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

(ए0के0 गुप्ता)